राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बोकारो
ग्राम–घोड़ागढ़ा, पो0–खेराबेड़ा (पावर ग्रिड के नजदीक)
अंचल–चन्दनकियारी, जिला–बोकारो (828134)
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE, BOKARO
VILL–GHORAGARA, P.O–KHERABERA (NEAR POWER GRID)
ANCHAL–CHANDANKIYARI, DIST–BOKARO (828134)
Department of Higher & Technical Education, Govt. of Jharkhand.
Email: gecbokaro@gmail.com / academicgecbokaro@gmail.com, website: gecbokaro.ac.in

संख्या–220 बोकारो, दिनांकः 06.09.2026

# सूचना

झारखण्ड सरकार, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के पत्र संख्या–4/म0म0स0 (नया)–02/2012 988/ राँची, दिनांक 06 सितम्बर, 2026 ई0। एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक– 10/सा0अव0–03–05/2026 का0–5660 राँची, दिनांक–06.09.2026 के आलोक में श्री सुदिव्य कुमार, माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार का निधन दिनांक 06.09.2026 को हो जाने के कारण दिनांक 07.09.2026 को राजकीय शोक मनाने एवं संस्थान के कार्यालय बन्द रहने के कारण बी0टेक0 प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का दिनांक 07.09.2026 को होने वाला नामांकन को स्थागित किया जाता है।

ह0/–
प्रभारी निदेशक
रा0अभि0महा0 बोकारो।

पत्र संख्या– 4/म0म0स0(नया0) –02/2012 988 /

# झारखण्ड सरकार,
## मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग
(समन्वय)

प्रेषक,

अखलेश कुमार सिन्हा,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव
पुलिस महानिदेशक
सरकार के सभी प्रधान सचिव
सरकार के सभी सचिव
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त
सभी उपायुक्त
सभी वरीय पुलिस अधीक्षक
सभी पुलिस अधीक्षक,
झारखण्ड।

राँची, दिनांक 06 सितम्बर, 2026 ई0।

विषयः– श्री सुदिव्य कुमार, माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के निधन पर राजकीय शोक मनाये जाने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार अत्यंत दुख के साथ सूचित करना है कि श्री सुदिव्य कुमार, माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार का निधन दिनांक 06.09.2026 को प्रातः में मर्सी अस्पताल, गिरिडीह में हो गया है। दिवंगत माननीय मंत्री के सम्मान में राज्य सरकार द्वारा दिनांक 06.09.2026 एवं 07.09.2026 को दो दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त अवधि में उन सभी भवनों, जहाँ नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे एवं किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि राज्य सरकार के सभी कार्यालय दिनांक 07.09.2026 को बन्द रहेंगे।

विश्वासभाजन,
06/09/2026

(अखलेश कुमार सिन्हा)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञाप संख्या– 4/म0म0स0(नया0) –02/2012 988 / राँची, दिनांक 06 सितम्बर, 2026 ई0।

**प्रतिलिपिः–** राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव/मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव /संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय /विकास आयुक्त/सदस्य, राजस्व पर्षद्/महानिदेशक, श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, झारखण्ड/ सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग/ सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग/सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग/निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, झारखण्ड रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड से अनुरोध है कि राज्य सरकार द्वारा लिये गये उपर्युक्त निर्णय के आलोक में दिनांक 07.09.2026 को राज्य सरकार के सभी कार्यालयों को बन्द रखने से संबंधित आदेश निर्गत करने की कृपा की जाय।

06/09/2026

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञाप संख्या– 4/म0म0स0(नया0) –02/2012 ***988*** / राँची, दिनांक 06 सितम्बर, 2026 ई0।

**प्रतिलिपिः–** Joint Secretary, Ministry of Home Affairs, Govt. of India, New Delhi को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/09/2026

**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

ज्ञाप संख्या– 4/म0म0स0(नया0) –02/2012 ***988*** / राँची, दिनांक 06 सितम्बर, 2026 ई0।

**प्रतिलिपिः–** महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची/लोकायुक्त कार्यालय, झारखण्ड/मुख्य सूचना आयुक्त कार्यालय, रांची/प्रभारी सचिव, झारखण्ड विधान सभा/ पुलिस उपाधीक्षक, सचिवालय सुरक्षा, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/09/2026

**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

**झारखण्ड सरकार,**

**कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग**

**—:: अधिसूचना ::—**

**राँची, दिनांक—06.09.2026**

**संख्या—10/सा०अव०—03—05/2026 का.—5660** श्री सुदिव्य कुमार, माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार का निधन दिनांक—06.09.2026 को हो जाने के कारण मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञाप संख्या—988 दिनांक—06.09.2026 द्वारा संसूचित किया गया है कि राज्य सरकार के द्वारा दिवंगत माननीय मंत्री के सम्मान में दिनांक—06.09.2026 एवं 07.09.2026 को दो दिवसीय राजकीय शोक मनाने तथा दिनांक—07.09.2026 को राज्य सरकार के सभी कार्यालय को बन्द रखने का निर्णय लिया गया है।

राज्य सरकार के उक्त निर्णय के आलोक में दिनांक—07.09.2026 (सोमवार) को झारखण्ड सरकार के अधीन सभी कार्यालय कार्यपालक आदेश के तहत बन्द रहेंगे।

**झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,**

6/9/26

**(दिलीप कुमार साह)**

**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक—10/सा०अव०—03—05/2026 का.—5660 राँची, दिनांक—06.09.2026**

**प्रतिलिपि—** नोडल पदाधिकारी, ई—गजट, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/9/26

**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक—10/सा०अव०—03—05/2026 का.—5660 राँची, दिनांक—06.09.2026**

**प्रतिलिपि—** सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव/मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव/सभी मंत्रीगण के आप्त सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/प्रभारी सचिव, झारखण्ड विधान सभा/सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, राँची/महालेखाकार, झारखण्ड, राँची/बिहार, पटना/सचिव, गृह मंत्रालय,/कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली/संयुक्त सचिव, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग), जीवन दीप, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली/स्थानिक आयुक्त, झारखण्ड भवन, नई दिल्ली/सभी राज्यों के मुख्य सचिव/सभी केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव/मुख्य आयकर आयुक्त, झारखण्ड, राँची/आयुक्त, केन्द्रीय उत्पाद, झारखण्ड, राँची/सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के झारखण्ड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के महा/उप प्रबंधक/भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड, राँची/रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आकाशवाणी, राँची/दूरदर्शन, राँची/जेनरल इन्स्योरेंस कम्पनी, राँची/स्टेशन प्रबंधक, रेलवे जंक्शन, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

6/9/26

**सरकार के अवर सचिव।**